AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लविवि में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया की प्रोविजिनल सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2019-2020 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों की अनंतिम मेरिट सूची घोषित कर दी। प्रवेश परीक्षा में सफल होकर साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर इसे देख सकते हैं। दाखिले के लिए विषयवार कट ऑफ सूची जल्द ही जारी की जाएगी। गृह विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान विभागों के लिए साक्षात्कार बाद में आयोजित किया जाएगा, इसी वजह से इनका नाम सूची में नहीं है।

लविवि में पीएचडी की 492 सीटों पर दाखिले के लिए 5,261 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसमें से 3,760 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में उपस्थित हुए थे। 1,649 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में 70 अंकों में से उनके प्रदर्शन के आधार पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। 1,422 छात्र साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए और 30 अंकों में से उन्हें उनके साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर अंक दिए गए। अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त उनके अंकों के आधार पर रैंक दी गई है। रैंक केवल उन अभ्यर्थियों को दी गई है जो लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में शामिल हुए थे, और जो उनके द्वारा चयनित विषयों की एलिजिबिलिटी पूरी करते हैं। अब कट ऑफ जारी करके दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

DAINIK JAGRAN PAGE 4

## लविवि में तीसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू

**जासं, लखनऊ :** लविवि में स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए तीसरे चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है।

अभ्यर्थियों को 29 तक च्वाइस फिलिंग का अवसर दिया जाएगा। दो नवंबर तक विद्यार्थियों को कॉलेजों में सीट कंफर्मेशन की फीस जमा करनी होगी। लविवि के यूट्यूब चैनल पर भी इसकी जानकारी दी गई है।

TOI PAGE 3

## PhD merit list out

Lucknow University declared the provisional merit list of all PhD entrance tests on its website on Friday. The names of only those candidates who appeared both in written and interview were included in the merit list. "A subject wise cut off list will be released soon. All admissions are provisional and subject to verification of documents at the time of reporting in the department," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

NBT PAGE 4

### लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी में दाखिले के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू

# दो नवंबर तक स्टूडेंट्स को मिलेंगे कॉलेज

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी के तीसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। स्टूडेंट्स को अपग्रेडेशन ऑप्शन 25 अक्टूबर तक दिया जाएगा। वहीं 29 अक्टूबर तक चॉइस फिलिंग की जाएगी। वहीं दो नवंबर तक स्टूडेंट्स को कॉलेजों में सीट कंफर्मेशन की फीस जमा करनी होगी। यह जानकारी एलयू के ऐडमिशन कॉर्डिनेटर प्रो. अनिल मिश्रा ने दी।

प्रो. मिश्रा ने बताया कि अब तक ऐडमिशन की प्रक्रिया के दो चरण हो चुके हैं। शुक्रवार से तीसरे चरण की शुरुआत हुई। काउंसलिंग के तीसरे चरण में तीन कैटिगरी के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। पहले वे जो पहले चरण में किसी वजह से शामिल नहीं हो पाए। दूसरे वे जिन्हें दूसरे चरण में सीट अलॉट नहीं हुई और तीसरे वे जिन्हें सिर्फ केवल अपग्रेडेशन करना है। रजिस्ट्रेशन शुक्रवार चार बजे से पोर्टल पर शुरू हो गए हैं।



**रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों को नहीं देनी होगी कोई फीसः** प्रो. मिश्रा ने बताया कि रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों को किसी तरह की फीस नहीं भरनी है। फ्रेश कैंडिडेट को काउंसलिंग फीस 200 और चॉइस फिलिंग के 1000 रुपये देने हैं।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी

■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 के पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट सूची घोषित कर दी है। इसको विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शुक्रवार को अपलोड कर दिया गया है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय के पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुल 5,261 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से 3760 छात्र लिखित परीक्षाओं के लिए उपस्थित हुए थे। चयनित अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त उनके अंकों के आधार पर रैंक दिया गया है।

### आरक्षण मुद्दे पर उतरी शिवसेना, जांच की मांग

एलयू में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में गरीब सवर्णों को आरक्षण न देने पर शिवसेना ने आपत्ति की है। साथ ही मामले की शिकायत सीएम कार्यालय में दर्ज करवाई है। एनबीटी ने पीएचडी में डीएसडब्ल्यू का लाभ न दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद ही शिवसेना ने इस मुद्दे पर सीएम कार्यालय से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। बता दें कि सरकार ने सवर्ण समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी अभ्यर्थियों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। जिस पर अभ्यर्थियों ने नाराजगी जताई थी, लेकिन एलयू इसे लेकर नियमों की दुहाई दे रहा था।

### 19 से 25 नवंबर तक मनाया जाएगा शताब्दी वर्ष

■ **एनबीटी,लखनऊः** एलयू के शताब्दी वर्ष पर 19 से 25 नवंबर तक ज्ञान विज्ञान से संबंधित अलग थीम पर मेले लगेंगे। इसमें स्टूडेंट्स को प्राचीन आयुर्वेद, चरक व वेदों, वैदिक गणित आदि की झलकियां देखने को मिलेंगी तो वैज्ञानिक संस्थान भी अपने स्टॉल लगाएंगे। एलयू प्रशासन ने इस कार्यक्रम के लिए कई कलाकारों के साथ पीएम और राष्ट्रपति को भी आमंत्रण भेजा है। फिलहाल बॉलिवुड कलाकार अनुपम खेर और गीतकार गुलजार का नाम पहले ही आ चुका है।

**13 विवि का शोकेसः** शताब्दी वर्ष में करीब 13 विवि को भी शामिल करने की योजना बनाई जा रही है। ये विवि लखनऊ को एजुकेशन का हब रिप्रजेंट करेगा।

#### 26 तक एलयू बंद

एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने 26 अक्टूबर तक दशहरा के उपलक्ष्य में आवकाश घोषित किया है। अब विश्वविद्यालय मंगलवार 27 अक्टूबर को खुलेगा।

**60% कार्यक्रम ऑनलाइन होगाः** शताब्दी वर्ष तक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की स्थिति में सुधार आ जाएगा। इसलिए एलयू प्रशासन तब तक शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम को 40 प्रतिशत ऑनलाइन व 60 प्रतिशत ऑफलाइन करवाने की योजना बना रहा है।

i-NEXT PAGE 4

## स्टूडेंट्स देखेंगे प्राचीन वेद ग्रंथ

**लखनऊ यूनिवर्सिटी 9 से 25 नवंबर तक मनाएगी शताब्दी वर्ष**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (23 Oct):** लखनऊ यूनिवर्सिटी अपने शताब्दी वर्ष पर करीब सात दिन तक विज्ञान से संबंधित अलग-अलग थीम पर मेले का आयोजन करेगी. इस मेले में वेद ग्रंथों की झलकियां भी स्टूडेंट्स देखेंगे. वहीं कई संस्थान जैसे सीडीआरआई, एनबीआरआई आदि अपने स्टाल भी लगाएंगे. गौरतलब है कि एलयू 19 से 25 नवंबर तक अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है. शताब्दी वर्ष के लिए पीएम मोदी एवं राष्ट्रपति रामनाथ कोविद को भी आमंत्रित किया गया है.

**रिती रिवाजों का महत्व**

प्राचीन आयुर्वेद सुश्रुत आदि के अलावा भारतीय रीति रिवाजों का साइंटिफिक महत्व भी बताया जाएगा. जैसे कि कोरोना महामारी में इंफेक्शन से बचने के लिए हाइजीन की जो बातें आज कही जा रही हैं, ये पहले से ही हमारे रीति रिवाजों में शामिल हैं. इस पर शताब्दी वर्ष के दौरान ओपन सेशन भी आयोजित किया जा सकता है.एलयू प्रशासन बड़े बड़े कलाकारों को भी कैंपस में बुलाने की तैयारी कर रहा है. जिसमें अनुपम खेर, गीतकार गुलजार का नाम सामने आ चुका है. वहीं शताब्दी वर्ष में आयोजित किए जाने वाले करीब 60 फीसद कार्यक्रम ऑफलाइन कराने की योजना बना रहा है.

CONCEPT PIC



## स्टूडेंट्स को दो नवंबर तक मिलेंगे कॉलेज

**LUCKNOW (23 Oct):** एलयू में यूजी की तीसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू हो गई. स्टूडेंट्स को अपग्रेडेशन ऑप्शन 25 अक्टूबर तक दिया जाएगा और 29 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग की जाएगी और दो नवंबर तक स्टूडेंट्स को कॉलेजों में सीट कंफर्मेशन की फीस जमा करनी होगी.

**अपग्रेडेशन का मौका** प्रो. मिश्र ने बताया कि अब तक एडमिशन की प्रक्रिया के दो फेज हो चुके हैं, शुक्रवार से तीसरे चरण की शुरुआत है. काउंसिलिंग के थर्ड फेज में तीन कैटेगरी के स्टूडेंट्स भाग ले सकते हैं. पहले वह जो फर्स्ट फेज में किसी वजह से पार्टीसिपेट नहीं कर पाए हैं. दूसरे वह जिन्हें सेकंड फेज में सीट अलॉट नही हुई है. तीसरे वह जिन्हें सीट अलॉट हुई है, उन्हें केवल अपग्रेडेशन करना है. स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन शुक्रवार चार बजे से पोर्टल पर शुरू हो गए हैं. प्रो. मिश्रा ने बताया कि 25 तक अपग्रेडेशन प्रोसेस चलेगा, 26 तक स्टूडेंट्स को सीट आलॅटमेंट मिल जाएगा. 26 को वह स्टूडेंट्स जो पहले से रजिस्टर्ड हैं उन्हें च्वाइस फिलिंग मिलेगी.

**महत्वपूर्ण डेट**

- 23 अक्टूबर से तीसरे चरण की काउंसिलिंग
- 25 अक्टूबर तक अपग्रेडेशन आप्शन
- 27 व 28 अक्टूबर को रजिस्ट्रेशन व च्वाइस फिलिंग
- 29 च्वाइस फिलिंग
- 2 नवंबर तक सीट कंफर्मेशन फीस जमा करें

PIONEER PAGE 4

## तीसरे चरण की काउंसिलिंग में दो नवम्बर तक जमा करनी होगी फीस

**लखनऊ।** स्नातक स्तर पर दाखिले को लेकर शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया के तीसरे चरण की काउंसलिंग शुरू हो गई। प्रक्रिया के तहत स्टूडेंट्स को अपग्रेडेशन का ऑप्शन 25 अक्टूबर तक दिया जाएगा। वहीं 29 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग की जाएगी। जबकि दो नवंबर तक स्टूडेंट्स को कॉलेजों में सीट कंफर्मेशन की फीस जमा करनी होगी। एडमिशन कॉर्डिनेटर प्रो अनिल मिश्रा ने बताया कि अब तक एडमिशन की प्रक्रिया के दो फेज हो चुके हैं, शुक्रवार से तीसरे चरण की शुरुआत है। काउंसलिंग के थर्ड फेज में तीन कैटेगिरी के स्टूडेंट्स भाग ले सकते हैं। पहले वे जो फर्स्ट फेज में किसी वजह से शामिल नही हो पाए हैं। दूसरे वे जिन्हें सेकेंड फेज में सीट अलॉट नहीं हुई है। तीसरे वे जिन्हें सीट अलॉट हुई है, उन्हें केवल अपग्रेडेशन करना है।

THE PIONEER PAGE 4

## PhD entrance exam results declared

**PNS ■ LUCKNOW**

Lucknow University declared the provisional merit list of PhD entrance exams for the academic year 2019-2020 .

Spokesperson Durgesh Srivastava said a total of 5,261 students applied for admission to the PhD programmes of LU and 3,760 of them turned up for the written tests held in March and September.

"As many as 1,649 students were invited to appear for interviews based on their performance out of 70 marks in the written tests. A total of



1,422 students appeared for the interviews and given scores based on their interview performance out of 30 marks. Candidates have been ranked based on their cumulative marks obtained in the written test and interview," Srivastava said. Ranks have been assigned only to those candidates who appeared in written tests and interview and were found eligible in the subjects they applied for. "A subject-wise cut-off list will be released soon. All admissions are provisional and subject to verification of documents at the time of reporting in the department. Interviews for Home Science and Computer Science departments will be held later, information of which will be provided accordingly," he added.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

## शताब्दी वर्ष में वेद ग्रंथों से सराबोर होगा लविवि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● लविवि 19 से 25 नवंबर तक मनायेगा शताब्दी वर्ष

लखनऊ। लविवि अपने शताब्दी वर्ष पर करीब सात दिन तक विज्ञान से संबंधित अलग-अलग थीम पर मेले का आयोजन करेगा। इस मेले में वेद ग्रंथों की झलकियां भी विद्यार्थी देखेंगे। वहीं, कई संस्थान जैसे सीडीआरआई, एनबीआरआई आदि अपने स्टाल भी लगायेंगे। लविवि 19 से 25 नवंबर तक अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। शताब्दी वर्ष के लिए प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति कोविद को भी आमंत्रित किया गया है। प्राचीन आयुर्वेद सुश्रुत आदि के अलावा भारतीय रीति रिवाजों का साइंटिफिक महत्व भी बताया जायेगा। जैसे कि कोरोना महामारी में इंफेक्शन से बचने के लिए हाइजीन की जो बातें आज कही जा रही हैं, ये पहले से ही हमारे रीति रिवाजों में शामिल हैं। इस पर शताब्दी वर्ष के दौरान ओपन सेशन भी आयोजित किया जा सकता है। लविवि प्रशासन बड़े-बड़े कलाकारों को भी परिसर में बुलाने की तैयारी कर रहा है। जिसमें अनुपम खेर, गीतकार गुलजार का नाम सामने आ चुका है। वहीं, लविवि के अलावा शताब्दी वर्ष में करीब 13 विवि को भी शामिल करने की योजना बनायी जा रही है। ये विवि राजधानी को एजुकेशन का हब के रूप में प्रदर्शित करेंगे।

**60 फीसदी कार्यक्रम ऑफलाइन :** कोरोना काल को देखते हुए लविवि शताब्दी वर्ष में आयोजित किए जाने वाले करीब 60 फीसदी कार्यक्रम ऑफलाइन कराने की योजना बना रहा है।

## लविवि ने जारी की पीएचडी की अनंतिम मेरिट सूची

लखनऊ। लविवि के शैक्षणिक सत्र 2019-2020 के पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों की अनंतिम मेरिट सूची घोषित कर दी गयी है और इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देखा जा सकता है। विवि के पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुल 5261 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से 3760 मार्च और सितंबर में आयोजित लिखित परीक्षाओं के लिए उपस्थित हुए थे। 1649 छात्रों को लिखित परीक्षा में 70 अंकों में से उनके प्रदर्शन के आधार पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। 1422 छात्र साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए और 30 अंकों में से उन्हे उनके साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर अंक दिये गये। अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त उनके अंकों के आधार पर रैंक दिया गया है। रैंक केवल उन अभ्यर्थियों को दी गयी है, जो लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में शामिल हुए थे और जो उनके द्वारा चयनित विषयों की एलिजिबिलिटी पूरी करते हैं। विषयवार कट ऑफ सूची जल्द ही जारी की जायेगी।

## लविवि में 26 को विशेष अवकाश

लखनऊ। लविवि में 24 व 25 अक्टूबर दशहरा के उपलक्ष्य में पूर्व में घोषित अवकाश में 26 अक्टूबर को सम्मिलित करते हुए दशहरा के अवसर पर 26 अक्टूबर को ही विवि में विशेष सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जायेगा। इसकी जानकारी कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने दी हैं।

## परीक्षा फार्म न भरने वाले छात्र होंगे फेल

लखनऊ। लविवि में परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम मौका गुरुवार को समाप्त हो गया। लविवि ने इस साल 10 बार परीक्षा फॉर्म भरने का मौका स्नातक व परास्नातक के छात्रों को दिया था। बता दें कि, लविवि व उससे संबद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले करीब 236 छात्रों ने परीक्षा फॉर्म नहीं भरा था। ये वे छात्र हैं, जिन्हें प्रमोट किया जाना था लेकिन परीक्षा फॉर्म न भरने के कारण इनका प्रमोशन रोक दिया गया था। जिसमें करीब 236 में से 130 छात्रों ने ही फॉर्म भरा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना का कहना है कि अब परीक्षा फॉर्म भरने का मौका किसी भी छात्रों को नहीं दिया जायेगा।